छत्तीसगढ़ शासन

वन विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ–5–23/2020/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 09/10/2020

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
छ.ग. अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर

विषयः– Diversion of forest land for non-forest purpose under Forest Conservation Act 1980 proposed for the Bharat Net Phase -II Mungeli Division" Bharat Net project. which is a GOI initiative Under this project, connectivity will be provided at 5,987 GPS & 85 Blocks through optical fiber cable laying of approximately 32,466 KM The laying of Optical Fiber cable of 32,466 KM will involve 26 districts across the State, area - 0.063 ha. regarding .

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/विविध/115–828/1650, दिनांक 07.09.2020 ।

––––00––––

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। विषयांकित प्रस्ताव के परीक्षण में निम्न बिंदुओं पर त्रुटियां परिलक्षित हो रही है :–

1. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 5 में 19.962 है गैर वन भूमि प्रभावित दर्शाया गया है। किन्तु इसका विस्तृत विवरण प्रदाय नहीं किया गया है।
2. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 44 में वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रदायित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन (प्रपत्र–3) के अनुक्रमांक 3 अनुसार गैर वानिकी कार्य हेतु आवेदित वन भूमि की मांग 0.206 हे. लेख है जबकी वन भूमि के विस्तृत विवरण अनुक्रमांक 5 में 0.063 हे. उल्लेखित है।
3. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 45 में वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रदायित स्थत निरीक्षण प्रतिवेदन (प्रपत्र–3) के अनुक्रमांक 10 अनुसार आवेदित क्षेत्र इकोलॉजिकल सेन्सेटिव क्षेत्र से 10 कि.मी. की परिधी में है। इसी तरह संदर्भित पत्र के बिन्दु क्र. (17) अनुसार आवेदित क्षेत्र अचानकमार टाईगर रिजर्व के 3.5 से 4.5 कि.मी. की दूरी पर है। कृपया इस संबंध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का अभिमत प्राप्त प्रेषित करें।
4. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 56 में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत कलेक्टर द्वारा प्रदायित अनापत्ती में आवेदित रकबा 0.206 हे. लेख है जबकी प्रकरण 0.063 हे. वन भूमि व्यपवर्तन से संबंधित है। कृपया स्थिति स्पष्ट करें।

2/– कृपया उपरोक्त बिंदुओं पर उल्लेखित त्रुटियों के अनुरूप संशोधित प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु प्रस्ताव मूलतः वापस किया जा रहा है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।
(प्रस्ताव मूलतः 2 प्रतियों में)।

9/10

(अभिषेक कुमार सिंह)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग

011

पृष्ठां.क्रमांक एफ–5–23/2020/10–2 नवा रायपुर, दिनांक ०१/10/2020

1.अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।

2.मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त बिलासपुर, छत्तीसगढ़।

3.वनमंडलाधिकारी, मुंगेली वनमंडल, मुंगेली छत्तीसगढ़।

4.आवेदनकर्ता, प्राधिकृत अधिकारी, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड, संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, तृतीय तल स्टेट डाटा सेंटर बिल्डिंग, सिविल लाईन, रायपुर, छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

१/१०

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग